दिनांक 24.06.2024

मॉयल ने अपना 62वां स्थापना दिवस मनाया

भारत सरकार के इस्पात सचिव द्वारा मॉयल का दौरा कार्यक्रम

मॉयल ने 22 जून 2024 को अपना 62वां स्थापना दिवस बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर भारत सरकार, इस्पात मंत्रालय के सचिव श्री नागेन्द्र नाथ सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन पर, इस्पात सचिव ने वित्त वर्ष 2024 के दौरान मॉयल के अनुकरणीय प्रदर्शन लिए पूरी टीम की सराहना की, उन्होंने 35% वार्षिक उत्पादन वृद्धि के साथ सभी इस्पात सीपीएसई में सर्वश्रेष्ठ बताया। उन्होंने टीम को घरेलू आवश्यकता के अनुरूप अपने उत्पादन को और बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

मॉयल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री ए.के. सक्सेना ने मॉयल की पूरी टीम को बधाई दी जिन्होंने वित्त वर्ष ’2024 में एक ऐतिहासिक निष्पादन को दर्ज करने के लिए सामुहिक रूप से प्रयास किया। उन्होंने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि मॉयल कल्याणकारी उपायों पर जोर देने के साथ-साथ विकास की अपनी यात्रा को आगे बढ़ाएगा।

इस अवसर पर, कंपनी ने भारत सरकार, इस्पात मंत्रालय के संयुक्त सचिव डॉ. संजय रॉय को उनके सम्पूर्ण कार्यकाल के दौरान बोर्ड में, सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम में गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सीएसआर पुस्तिका और मॉयल भारती (छमाही हिंदी पत्रिका) का विमोचन भी किया गया। इसके अतिरिक्त मॉयल में कार्यरत डॉ. संजय सरकार, सहायक महाप्रबंधक (भूविज्ञान) के द्वारा लिखित पुस्तक "मैंगनीज: संभावनाओं का स्पेक्ट्रम" का भी विमोचन किया गया, जिसमें मैंगनीज खनन के संपूर्ण स्पेक्ट्रम का विवरण दिया गया है।

मॉयल के विभिन्न खानों की टीमों की सक्रिय भागीदारी के द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया और विजेताओं को गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 1500 से अधिक कर्मचारी और उनके परिवारों ने भाग लिया, जिससे यह कार्यक्रम बहुत सफल रहा। सुप्रसिद्ध बॉलीवुड गायक और स्टैंड-अप कॉमेडियन के प्रदर्शन ने इस भव्य समारोह में जोश और जीवंतता भर दी।

....

Date 24.06.2024

MOIL celebrates its 62nd Foundation Day

Secretary, Steel, Govt. of India visits MOIL

MOIL celebrated its 62nd foundation day on 22nd June 2024 with great zeal. The momentous occasion was graced by Shri Nagendra Nath Sinha, Secretary, Govt. of India, Ministry of Steel as Chief Guest.

Speaking on the occasion, Secretary, Steel commended the entire MOIL team for their exemplary performance during FY'24, which he stated was the best amongst all steel CPSEs with production growth of 35% y-o-y. He exhorted the team to further enhance its production in line with the domestic requirement.

Shri A.K Saxena, CMD, MOIL congratulated the entire MOIL team who strived together to register a historic performance in FY'24. He also expressed confidence that MOIL will pursue its journey of growth, along with giving thrust to welfare measures.

On this occasion, the company also felicitated Dr. Sanjoy Roy, Jt. Secretary, Govt. of India, Ministry of Steel for his valuable contribution as a Govt. nominee Director on the board during his entire tenure.

The event also witnessed release of CSR booklet & MOIL Bharti (a biannual hindi magazine) by dignitaries. Additionally, a book "Manganese: A Spectrum of

Possibilities," authored by Dr. Sanjoy Sarkar, AGM - Geology at MOIL, detailing the entire spectrum of manganese mining, was unveiled.

A spectacular cultural program featuring active participation by teams from various MOIL mines was organised and winners awarded by dignitaries. The event was attended by over 1500 employees and their families, making it a grand success. Performances by a renowned Bollywood singer and stand-up comedian added fervour and vibrancy to the gala function.